<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- लखनऊ में शुरू हुआ तीन दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का छियासीवां सम्मेलन। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्‌घाटन सत्र को किया संबोधित।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर लगाया विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप। कहा– कम से कम एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार सुनिश्चित करेगा यह कानून।
- बेसिक शिक्षा विभाग ने आरटीई अधिनियम के तहत वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए जारी की समय–सारणी । दो फरवरी से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया।
- सतहत्तरवीं गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए कर्तव्य पथ पर आमंतित्र किए गए दस हजार विशेष मेहमान।

**********

लखनऊ के विधानभवन में कल अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के छियासीवें सम्मेलन की शुरुआत हो गयी। सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र ने संवाद, समन्वय और सहमति की परम्परा को संजोया है। ऐसे में यह सम्मेलन संसदीय आचरण की गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

**यही धरती है, जिसने संवाद, समन्वय और सहमति की परंपरा को सदैव संजोया। ऐसे पावन परिवेश में यह संवेदन संसदीय आचरण की गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प सूझा करता है। पीठासीन अधिकारी सदन के संचालन कर्ता के साथ–साथ लोकतंत्र की आत्मा के संरक्षक होते हैं। उनकी निष्पक्षता, मर्यादा और विवेकी सदन को जन आकर्षण का सशक्त मंच बनाती है। यह सम्मेलन महानुभावों के आदान–प्रदान, श्रेष्ठ परम्पराओं के संरक्षण और नवाचारों के सूचना सेतु बने, यही मेरी कामना है।**

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं ने अपने कार्य से लोकतंत्र की श्रेष्ठता साबित की है।

**हम अलग–अलग राजनीतिक दल से जीत कर आते हैं। अलग–अलग हमारी विचारधारा है लेकिन जब चुनकर आते हैं तो जनता की अपेक्षा होती है कि हम सदन में उनकी अपेक्षाएं, उनकी आकांक्षाएं, उनकी चुनौतियां, कठिनाइयां सदन में रखें और सदन की विशेषता होती है कि जो बातें सदन में रखी है, जो अंतिम व्यक्ति बैठा है, जिसका एक मत भी निर्णायक होता है, उसकी बात शासन तक पहुंचे और इस शासन के अंदर जो बात पहुंचे, उसका परिणाम निकले।**

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं और विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं में आधुनिक तकनीक के उपयोग, विधायकों की क्षमता संवर्धन और विधायकों की जनता के प्रति जवाबदेही पर गहन चर्चा की जा रही है।

इससे पहले कल लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश विधान भवन में बासठवें अखिल भारतीय विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन की भी शुरुआत हो गयी। यह सम्मेलन लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।

**********

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और हर ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी।

**100 दिन की बजाए 125 दिन के काम की गारंटी अगर दी है तो विकसित भारत की जी रामजी योजना के अंतर्गत दी गई है, और केवल काम का अधिकार नही दिया। 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देना पडेगा। आपने कागज पर अधिकार दिया था, हमने जमीन पर इसको मजबूत करने का काम किया है। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होगा। कोई भी ग्राम पंचायत इसके दायरे के बाहर नहीं रहेगी।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने त्यौहारों के दौरान हवाई यात्री किरायों में अत्यधिक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। एक रिपोर्ट–

**न्यायालय ने कहा कि हवाई किरायों में होने वाले अप्रत्याशित उतार–चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए वह हस्तक्षेप करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने एयरलाइंस द्वारा हवाई यात्री किरायों में की गई अत्यधिक वृद्धि को शोषण करार दिया। पीठ ने केंद्र सरकार और नागर विमानन महानिदेशालय से इस बारे में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी तय की है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का भारतीय जनता पार्टी का नया अध्यक्ष बनना तय है। पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी के. लक्ष्मण ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के सभी सैंतीस सेट प्राप्त हुए हैं। जांच करने पर सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए और वैध पाए गए।

**********

बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष दो हजार छब्बीस सत्ताईस के लिए निजी विद्यालयों में पचीस प्रतिशत आरक्षण के तहत प्रवेश प्रक्रिया की समय–सारणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगी। कक्षा–एक या पूर्व–प्राथमिक स्तर पर पात्र बच्चों का चयन लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित की जा सके। प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण दो से सोलह फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण इक्कीस फरवरी से सात मार्च तक और तीसरा चरण बारह से पचीस मार्च तक पूरा किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के लाखों बच्चों को निजी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलता है।

**********

वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कल स्पष्ट किया कि मणिकर्णिका घाट पर स्थित कुंभा महादेव मंदिर को तोड़ने की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं वे एआई जनरेटेड हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही स्पष्टीकरण देने के लिए बहत्तर घंटे का समय दिया गया है।

**निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली गई थी, वह पूरी तरह से एआई जनरेटेड है। इसको लेकर के एफआईआर दर्ज हुई है और जिन लोगों ने इस तरह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल कर के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया है। उन सभी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।**

**********

देश इस वर्ष छब्बीस जनवरी को सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जनता की भागीदारी बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के अंतर्गत कई अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

**रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परेड को देखने के लिए करीब 10 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। इसमें नवाचारक, स्टार्टअप से जुड़े युवा, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य और विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले लोग भी शामिल हैं। इसके साथ ही आय और रोजगार सृजन में अहम योगदान देने वाले लोगों को भी इस परेड में शामिल होने का अवसर दिया गया है। मंत्रालय बताया कि इन लोगों को आमंत्रित करने का उद्देश्य उनके योगदान का सम्मान करना और राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में जन भागीदारी को और मजबूत करना है। सौम्या सरन के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

यूपी दिवस के अवसर पर चौबीस जनवरी को दिल्ली हाट में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बड़े पैमाने पर प्रवासी भारतीय और विभिन्न देशों के राजनयिक हिस्सा लेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी दिवस के अवसर पर दिल्ली हाट को विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर सजाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की विविध नृत्य शैली व परंपराओं को दर्शाती मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही राज्य के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि यह प्रयास ओडीओपी और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।**

**********

मौसम विभाग ने आज से प्रदेश भर में कोहरे के प्रभाव में कमी आने के संकेत दिए हैं। विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बाईस से पचीस जनवरी के बीच कहीं कहीं हल्की वर्षा की संभावना है।

**********